COSMO FERRITES LIMITED
(Govt. of India Recognised Export House)
CIN : L27106HP1985PLC006378
H.O.: 517, 5th Floor, DLF Tower-A, Jasola District Centre, New Delhi-110025 (India)
Ph.: +91-11-49398800
E-mail : sales@cosmoferrites.com Website : www.cosmoferrites.com

**CFR/SE/2023-24/OCT/07** **October 29, 2023**

The Manager (Listing)
Bombay Stock Exchange Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai-400 001

Scrip Code: 523100 Security ID: COSMOFE

**Sub: Unaudited Financial Results – Newspaper Publication**

Dear Sir,

Further to our letter dated October 27, 2023, regarding approval of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended September 30, 2023, please find enclosed newspaper advertisements published, in compliance with Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, in "Financial Express" (**English)** and "Himachal Dastak" (**Hindi**).

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours faithfully
For **Cosmo Ferrites Limited**

AMBRISH JAIPURIA Digitally signed by AMBRISH JAIPURIA Date: 2023.10.29 11:53:36 +05'30'

**Ambrish Jaipuria**
**Managing Director**

**Encl: as above**

ISO 14000 CERTIFIED ISO 9001-2000 CERTIFIED

**Regd. Office & Works :** P.O. Jabli, Distt. Solan, H.P.-173 209, (India) 173209
Phone : +91-1792-277231/32/36, E-Mail: plant@cosmoferrites.com

## न्यूज 1 नजर में

### पुलिस ने धरा उद्घोषित अपराधी

**हमीरपुर।** जिला पुलिस की टीम ने एक उद्घोषित अपराधी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस हमीरपुर के पीओ सेल की टीम ने शनिवार को उद्घोषित अपराधी सुमित कुमार निवासी गांव मलाकंर डाकघर सेरा तहसील नादौन जिला हमीरपुर को गिरफ्तार कर लिया है। उपरोक्त व्यक्ति जिला के थाना नादौन में बांछित था तथा माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नादौन के न्यायालय से 12 सितंबर को पुनः उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। मामले की पुष्टि एसपी हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा ने की है।

### बालीवाल में व्यक्ति से अवैध शराब पकड़ी

**हरोली।** हरोली पुलिस ने बालीवाल में अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति से 8 बोतल अवैध शराब बरामद की है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस की टीम ने शुक्रवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर बालीवाल गांव स्थित शैड में रेड की। जहां पर बलबीर सिंह निवासी बालीवाल अवैध रूप से शराब वेचने का धंधा कर रहा था। तलाशी के दौरान शैड में छिपाई हुई 8 बोतलें देशी शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बलबीर सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में 2 घायल

**बरमाणा।** बरमाणा पुलिस थाना क्षेत्र के तहत छड़ोल जट्टां के पास एक ट्रक को ओवरटेक कर रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने सामने से आ रहे मोटर साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवारों को चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में शिकायतकर्ता बालक राम निवासी सुंदरगनर जिला मंडी ने कहा कि गत शुक्रवार शाम को वह मोटरसाइकिल पर अपनी बेटी के घर कुड्डी जा रहा था। इस दौरान जब वह छड़ोल जट्टां के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे एक ट्रक को ओवरटेक करते हुए उसके मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हादसा मोटरसाइकिल सवार रंजीत निवासी पंजगाईं तहसील सदर की लापरवाही और तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाने के कारण हुआ है। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### घुमारवीं में कब्रिस्तान का बोर्ड हटाने पर मामला दर्ज

**घुमारवीं।** घुमारवीं पुलिस थाना क्षेत्र के तहत एक विशेष समुदाय की शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ कब्रिस्तान का बोर्ड हटाने के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घुमारवीं शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत सेउ के भदरोग वार्ड के भूपेंद्र सिंह पुत्र हरदयाल की निजी भूमि विशेष समुदाय के कब्रिस्तान के साथ लगती है। जहां पर सरकार ने विशेष समुदाय को कब्रिस्तान के लिए 15 बिस्वा जमीन दी है। भूपेंद्र सिंह ने अपनी इस जमीन का सौदा किसी से कर दिया था। उस व्यक्ति ने वहां पर क्रबिस्तान का बोर्ड देखने के बाद उन्होंने जमीन खरीदने से इंकार कर दिया, जिस कारण भूपेंद्र सिंह ने वहां से उस बोर्ड को हटा दिया ताकि उसकी जमीन को बेचा जा सके। लेकिन विशेष समुदाय ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करवा दी। उधर, पुलिस ने विशेष समुदाय की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### हिंदू जागरण मंच ने कथित शनि बाबा को पुलिस के हवाले किया

**हमीरपुर।** शनिवार को हमीरपुर के गांधी चौक में हिंदू जागरण मंच द्वारा एक शनि बाबा का भंडाफोड़ किया है। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने रोका और उसका पुलिस पंजीकरण दिखाने का आग्रह किया तो उसने अपना आधार कार्ड दिखाया। उसने बताया कि वह नादौन में रह रहा है जबकि पहले कई बार उसे रोका गया था तब वह जाहू में रहने वाला बताता रहा। मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला यह व्यक्ति कई बार संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ पाया गया है। उसके पास हमीरपुर के किसी भी पुलिस थाने का पंजीकरण नहीं था। हिंदू जागरण मंच द्वारा पुलिस को सूचित किया गया तथा उसे पुलिस के हवाले किया। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक कुलदीप शर्मा ने बताया कि बह संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ पाया गया है। उन्होंने पुलिस व प्रशासन से आग्रह किया कि त्योहारी सीजन में प्रवासियों पर विशेष नजर रखें। त्योहारी सीजन में बाजारों में भीड़-भडक्का अधिक होने के कारण संदिग्ध अवस्था में घूमने वाले प्रवासी चेन स्नेचिंग, छीना झपटी, जेब काटना, लड़कियों को छेड़ने इत्यादि घटनाओं को अंजाम देते हैं।

### हरोली में कल बिजली बंद रहेगी

**हरोली।** उपमंडल हरोली में 30 अक्तूबर को कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि 33/11 केवी सब-स्टेशन हरोली में लाइनों के उचित रखरखाव के कारण उपमंडल के तहत आने वाले गांवों पालकवाह, काटे, भदौड़ी, हरोली, समनाल, बालीवाल, रोड़ा, सैंसोवाल, कांगड़, बढ़ेड़ा, सलोह, घालुवाल में बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। एसडीओ सुरेश कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

# बहडाला में सचिव मर्डर मामले में नया मोड़, बेटे पर गोली मारने का आरोप

## महिला की शिकायत के बाद मृतक सहित 3 के खिलाफ मामला दर्ज



### जेल में बंद हैं हत्यारोपी पिता-पुत्र

**इससे** पहले ऊना पुलिस ने बहड़ाला गांव के वरिष्ठ नागरिक गिरधारी लाल की शिकायत पर कार्रवाई की थी। पुलिस ने गोलीकांड मामले को लेकर बहडाला निवासी प्रमोद सिंह व उसके बेटे विनय को गिरफ्तार किया था, जोकि बनगढ़ जेल में बंद हैं। अब करीब तीन सप्ताह बाद आरोपी ससुर की बहू की शिकायत के बाद नया मोड़ आ गया है।

हिमाचल दस्तक ▮ ऊना

**बीती** 5 अक्तूबर को बहडाला में सभा के सचिव के मर्डर मामले में 23 दिन बीत जाने के बाद नया मोड़ आया है। मामले में आरोपी ससुर की बहू ने मृतक के बेटे पर मारपीट के साथ-साथ अपने पिता पर गोली चलाने की बात कही है।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर मृतक प्रमोद पाल, उसके बेटे मनोज कुमार सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को ऊना पुलिस के पास दी शिकायत में पूजा राणा निवासी बहड़ाला ने बताया कि घर के साथ निर्माणाधीन गली को लेकर पिछले लंबे समय से विवाद चलता आ रहा है। 5 अक्तूबर की शाम को बहड़ाला निवासी प्रमोद पाल अपने बेटे मनोज व गिरधारी लाल के साथ गली में ट्रक लेकर आए और निर्माण सामग्री फेंकने लगे।

ट्रक पहुंचने पर ससुर प्रमोद सिंह के साथ मौके पर पहुंची, तो प्रमोद पाल सहित अन्य लोगों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। ससुर के समझाने पर उक्त तीनों ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। इसी बीच मनोज कुमार दराट लेकर आ गया और ससुर पर हमला कर दिया। बचाव को लेकर ससुर ने जेब में रखी रिवॉल्वर को बाहर निकाला, तो तीनों झपट पड़े। इसी छीनाझपटी में मनोज राणा के हाथ से अचानक गोली चल गई और जोकि उसके पिता प्रमोद पाल को लग गई। इस गोलीकांड में प्रमोद पाल की पीजीआई चंडीगढ़ में मौत हो गई। वहीं, मारपीट में घायल ससुर प्रमोद सिंह को मेरे पति विनय राणा व देवर द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाया गया।

एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अब मिली शिकायत के आधार पर मृतक, उसके बेटे सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रताप नगर में चोरों ने घर में लगाई सेंध

हिमाचल दस्तक ▮ अंब



▮ लाखों के आभूषण सहित नकदी पर हाथ किया साफ

**पुलिस** थाना अंब के तहत प्रताप नगर में अज्ञात शातिरों ने एक घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण सहित नकदी पर हाथ साफ किया है। शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बयान दर्ज जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए ताकि शातिर जल्द काबू किया जा सके।

शनिवार को अंब पुलिस को दी शिकायत में जगदीश राम पुत्र सिलर राम वासी प्रताप नगर अंब ने बताया कि बीते 23 अक्तूबर की सुबह अपनी पत्नी जीत कौर के साथ कुनेरन में अपने रिश्तेदारों के घर गया हुआ था। दोपहर बाद जब अपने घर वापस पहुंचे तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ और अलमारियों में रखा सारा सामान बिखरा हुआ पाया। जगदीश राम ने बताया कि घर से पत्नी व बेटे राज कुमार के जेवरात व नकदी गायब थे। उन्होंने बताया कि

> **पुलिस** ने जगदीश राम की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।
>
> **- वसुधा सूद,** डीएसपी, अंब।

शातिर ने कमरे की अलमारी में से गले की सोने की चेन, बालियां, 2 जोड़ी कान के टॉप्स, अंगूठी गायब थी। उन्होंने बताया कि कुल 24 ग्राम सोना व 1500 रुपये एक कमरे से व इसके अलावा बेटे राज कुमार के कमरे में रखी गले की चेनी, मंगलसूत्र, नथ, दो अंगूठी, मांग टीका, टॉप्स भी गायब थे, जिसकी कुल वजन 36 ग्राम के करीब सोना था। वहीं 2 जोड़ी पजैवां चांदी, घड़ी व 27000 रुपये की नकदी पर भी अज्ञात व्यक्तियों ने हाथ साफ कर दिया।

# नशा तस्कर को लेकर हरोली पुलिस ने अमृतसर में की रेड

हिमाचल दस्तक ▮ हरोली

**हरोली** पुलिस द्वारा पंडोगा में पकड़े गए नशा तस्कर को लेकर पुलिस मामले में संलिप्त अन्य लोगों तक पहुंच बनाने में जुट गई है।

पकड़े गए नशा आरोपियों के खुलासे के बाद हरोली पुलिस पंजाब के अमृतसर पहुंची, जहां पर चिट्टा बेचने वाले आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी है।

▮ चिट्टा बेचने वाले आरोपी की धरपकड़ शुरू

बताया जा रहा है अमृतसर में छिपे बैठे आरोपी हिमाचल में कई जगह नशा बेचने का काम करते हैं। अभी तक की जांच में पाया गया कि उक्त आरोपी कुल्लू पुलिस के पास भी एक महीना पहले एक चिट्टे के केस मे गिरफ्तार हो चुका है।


बता दें कि बीते वीरवार शाम को हरोली पुलिस ने पंडोगा में तीनों युवकों से 6.08 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों की पहचान विक्की शर्मा, छवि राम व नरेंद्र कुमार निवासी मंडी के रूप में हुई थी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपियों ने अमृतसर के एक नशा तस्कर के नाम का खुलासा किया है, जो हिमाचल में कई जगह नशा बेचने का काम करता है।

> **हरोली** पुलिस ने चिट्टा तस्करों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है व किसी भी सूरत में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **- मोहन रावत,** डीएसपी, हरोली।

हरोली पुलिस ने रातोंरात एक टीम आरोपी को पकड़ने के लिए अमृतसर रवाना की थी, लेकिन आरोपी का नेटवर्क पुलिस से तेज निकला है, जो घटना के बाद अपनी रिहायश से भाग चुका है। पुलिस ने अमृतसर में आरोपी के घर पर अचानक दबिश दी। अभी तक की जानाकारी के मुताबिक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा है। पुलिस हर पहलू से आरोपी का सुराग लगाने में जुटी है। थाना प्रभारी सुनील सांख्यान ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ओलिंडा के पास बठिंडा से भाखड़ा आ रही छात्राओं की बस पलटी

हिमाचल दस्तक ▮ श्रीनयना देवी



*सड़क पर पलटी स्कूली बच्चों की बस।*



**बिलासपुर** जिले के श्रीनयना देवी उपमंडल के तहत ओलिंडा के पास रविवार दोपहर पंजाब के बठिंडा जिला के बुर्जगिल स्कूल से भाखड़ा डैम घूमने आए बच्चों की बस अचानक ढांक से टकराकर पलट गई, जिसमें लगभग 30-40 छात्राओं व दो अध्यापकों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें नंगल में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

▮ 30 से ज्यादा बच्चों व दो अध्यापकों को आईं मामूली चोटें

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि इस बस इस दुर्घटना में किसी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुर्जगिल तहसील रामपुराफुल जिला बठिंडा के छठी से 12वीं कक्षा तक की 55 छात्राएं व सात अध्यापक एक निजी बस से घूमने के लिए भाखड़ा डैम आए थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान जब बस ओलिंडा के पास उतराई पर पहुंची तो बस की रफ्तार अचानक तेज हो गई, जिस कारण बस चालक ने बस को साथ लगती पहाड़ी से टकरा दिया, जिससे बस वहां पर सड़क पर पलट गई। इस बस दुर्घटना में 30-40 छात्राओं व दो अध्यापकों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें नंगल में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। इस दुर्घटना में बस चालक दर्शन पाल सिंह व परिचालक कुलविंद्र सिंह को चोट नहीं लगी है। बस हादसे का कारण बस का अचानक ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। उधर, बस दुर्घटना का पता चलते ही थाना कोट पुलिस नंगल स्थित बीबीएमबी के अस्पताल पहुंची। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं को घर भेज दिया गया। थाना कोट पुलिस ने बस चालक दर्शन पाल सिंह निवासी बल्लो तहसील मावड़ा जिला बठिंडा के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं पुलिस प्रवक्ता डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## डियारा सेक्टर में घर के छज्जे के विवाद को लेकर दो परिवारों में खूनी भिड़ंत

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर


**बिलासपुर** शहर के डियारा सेक्टर में रविवार सुबह दो परिवारों के बीच घर के सन शैड अर्थात छज्जे के विवाद को लेकर खूनी भिड़ंत हो गई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे क्षेत्रीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ रेफर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में एक परिवार के तीन सदस्यों को हिरासत में ले लिया है।

▮ लड़ाई झगड़े में एक गंभीर रूप से घायल, पीजीआई रेफर

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार स्थानीय शहर के डियारा सेक्टर में रविवार सुबह राजपाल अपने घर के सन शैड अर्थात छज्जे की सफाई कर रहा था कि अचानक परवेज, उसकी पत्नी रूबीना व उसके बेटे रिहान ने राजपाल के साथ पहले बहसबाजी हुई जो बाद में यह बात मारपीट व खूनी भिड़ंत तक जा पहुंची। बताया जा रहा है कि परवेज के बेटे ने इस दौरान राजपाल के भांजे गौरव पुत्र धनी राम निवासी धर्मशाला की गर्दन पर कील लगी लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे गौरव गंभीर रूप से घायल हो गया।

गौरव यहां पर अपने नाना के घर पर आया हुआ था व राजपाल गौरव क मामा है। गौरव के परिजनों ने उसे तुरंत उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रेफर कर दिया गया है। उधर, पुलिस ने इस मामले में परवेज व उसकी पत्नी रूबीना तथा बेटे रिहान को हिरासत में ले लिया है। उधर, पुलिस प्रवक्ता एवं डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया है तथा पुलिस ने परवेज, उसकी पत्नी रूबीना व उसके बेटे रिहान को पुलिस हिरासत में ले लिया है।

## डिडवीं-टिक्कर में ट्रक के नीचे आकर बाइक सवार की मौत



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला से गुजरने वाले राष्ट्रीय राज मार्ग हमीरपुर शिमला पर कस्बा डिडवीं -टिक्कर के पास शनिवार को ट्रक के नीचे आने से एक बाइक सवार की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के शनिवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे बाइक सवार अनिल कुमार आयु 32 वर्ष पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई है। मृतक गांव चौंतड़ा डाकघर मोरसू जिला हमीरपुर का निवासी बताया जा रहा है। मृतक अनिल कुमार भोटा से हमीरपुर की तरफ आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार काफी रफ्तार से जा रहा था। मृतक विवाह शादियों में खाना बनाने का काम करता था। इसके साथ ही वो प्लंबर का काम भी करता था। बताया जा रहा है कि मृतक अनिल कुमार अभी अविवाहित ही था। वहीं, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

## उद्योगपति महिंद्र शर्मा को नई दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित

हिमाचल दस्तक ▮ ऊना




*उद्योगपति महिंद्र शर्मा को सम्मानित करते हुए।*

**अमेरिका** के न्यूयार्क राज्य द्वारा अनुमोदित व भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत प्रतिष्ठित वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन ने ऊना के प्रसिद्ध उद्योगपति महिंद्र शर्मा को नई दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा। महिंद्र शर्मा को डॉक्टरेट उपाधि पिछले तीस सालों के दौरान समाज सेवा में किए गए अथाह योगदान के लिए सोशल वर्क में प्रदान की गई। फिल्म स्टार गोविंदा व पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने महिंद्र शर्मा को सम्मानित किया।

61 वर्षीय महिंद्र शर्मा जिला के बढेड़ा राजपूतां से संबंध रखते हैं। वह नई दिल्ली के इस्कॉन मंदिर की नवीकरण, पुनरोद्धार समिति के वाइस चेयरमैन हैं और यमुना नदी के पुनरोद्धान के लिए गठित हरी यमुना समिति के उपाध्यक्ष भी हैं। उनकी गणना देश के चोटी के दानवीर उद्योगपतियों में की जाती है। उनकी कंपनी देशभर में राष्ट्रीय महत्व की इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, होटल, फूड प्रोसेसिंग, शिक्षा व रियल एस्टेट की अनेक परियोजनाओं का निर्माण कर रही है। महिंद्र शर्मा अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं जोकि समाज के गरीब और पिछड़े वर्ग के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने श्री केदारनाथ जी के गर्भगृह में चांदी के आवरण के कार्य को संपन्न करने के लिए 2 करोड़ रुपये दान दिए। उन्होंने माता चिंतपूर्णी जी के मंदिर में भी चांदी के आवरण के कार्य को संपन्न करने के लिए 2 करोड़ खर्च किए।

वह हरी यमुना सहयोग समिति के वाइस चेयरमैन हैं, जोकि पावन यमुना नदी की सफाई, यमुना तटों पर पौधरोपण, यमुना नदी में प्रदूषण कम करने सहित अनेक विकास और धार्मिक महत्व की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित डिग्री से उन्हें समाज सेवा के प्रति ज्यादा समर्पण और निष्ठा से काम करने की प्रेरणा मिलेगी और वह समाज के निचले हिस्से के लोगों की सेवा में जुटे रहेंगे, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन होगा और सभी लोगों को विकास के समान अवसर मिलेंगे।

### बीएससी नर्सिंग की अर्शिया मिस फ्रेशर चुनी

**बरमाणा।** कोलवैली नर्सिंग इंस्टिट्यूट हरनोड़ा में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। बीएससी और नर्सिंग की छात्राओं के इस भव्य आयोजन को और रोचक बनाने के लिए मनोरोग चिकित्सक कनिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी के आरएंडआर विभाग से सीनियर मैनेजर अंजुला अग्रवाल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की, जबकि सुगाता दास गुप्ता एजीएम एचआर विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में मुख्यअतिथि अंजुला अग्रवाल ने नर्सिंग प्रोफेशन को एक महान प्रोफेशन करार देते हुए कहा कि यह मानवता की सेवा का अवसर है। वहीं, विशिष्ठ अतिथि सुगाता दास गुप्ता ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में मेहनत से पढ़ाई करें ताकि माता-पिता और समाज की कसौटियों पर खरा उतर सकें। फ्रेशर पार्टी के मुख्य आकर्षण बीएससी नर्सिंग से अर्शिया को मिस फ्रेशर चुना गया, जबकि जीएनएम की आंचल को मिस फ्रेशर के टाइटल से नवाजा गया।

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने हरनोड़ा व मंडी के खुराल गांव को जोड़ने वाले पुल का किया निरीक्षण

हिमाचल दस्तक ▮ बरमाणा

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के मंडी दौरे के दौरान हरनोड़ा पंचायत के मुख्य द्वार सलापड़ में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व सचिव ठाकुर हीरापाल सिंह के नेतृत्व में दो दर्जन स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने सतलुज नदी पर सलापड़ के निकट बिलासपुर के हरनोड़ा और मंडी के खुराल गांव को जोड़ने वाले पुल का लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बिलासपुर जिले की सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, सुंदर नगर विधानसभा के विधायक सोहन लाल ठाकुर व हरेंद्र सेन भी थे। इसके उपरांत उन्होंने सलापड़-तत्तापानी सड़क का भी जायजा लिया। इस सड़क का अभी तक करीब 900 मीटर कार्य शेष रह चुका है और इस सड़क के महत्व को देखते हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पीडब्ल्यूडी विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि 31 जनवरी तक इस सड़क कार्य को पूरा किया जाए। उन्होंने सलापड़-तत्तापानी सड़क को 31 जनवरी तक विभाग को हर हालत में पूरा करने के आदेश दिए।

▮ सलापड़ तत्तापानी का कार्य 31 जनवरी तक पूरा करे विभाग




**COSMO FERRITES LIMITED**

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS**

Rs. In Lacs

| Particulars | Quarter Ended 30.09.2023 Unaudited | Six month Ended 30.09.2023 Unaudited | Quarter Ended 30.09.2022 Unaudited | Year Ended 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total Income from Operations | 2,446 | 5,219 | 2,495 | 10,992 |
| Earnings before Interest, Tax, Depreciation and Amortization (EBITDA) | 261 | 641 | 189 | 1,255 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax, and/or exceptional items) | (53) | 15 | (50) | 315 |
| Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional items) | (53) | (21) | (50) | 315 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax | (43) | (7) | (41) | 242 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (45) | (10) | (40) | 239 |
| Equity Share Capital | 1,203 | 1,203 | 1,203 | 1,203 |
| Earning Per Share (of Rs 10 each) | | | | |
| - Basic: | (0.37) | (0.06) | (0.35) | 2.01 |
| - Diluted: | (0.37) | (0.06) | (0.35) | 2.01 |

**Notes:**

1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com).

2 The financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 and relevant amendment rules thereunder.

Sd/-

Place: New Delhi
Date: 27.10.2023

Ambrish Jaipuria
Managing Director

**COSMO FERRITES LIMITED**

Regd. Office: Jabli, Distt Solan, Himachal Pradesh-173209
CIN: L27106HP1985PLC006378, Tel: 01792-277231-32/35/36, Fax: 01792-277234,
Website: www.cosmoferrites.com, E-mail: investorservices@cosmoferrites.com


### एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत मझड़ क्लस्टर के दौरे के दौरान बोले राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी

# कांग्रेस सरकार सभी 10 गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से करेगी पूरा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ बिलासपुर




**राजस्व**, बागवानी एवं जनजातीय मामले मंत्री जगत सिंह नेगी ने शनिवार को एचपी शिव परियोजना के अंतर्गत बने मझड़ क्लस्टर का दौरा किया।

इस अवसर पर उन्होंने लगभग साढ़े 14 लाख रुपये की लागत से बने जल उपभोक्ता सामूहिक भवन का उद्घाटन कर क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि एचपी शिव परियोजना के अंतर्गत अब हिमाचल के 7 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट को छोड़कर लगभग 6000 हेक्टेयर भूमि में 1300 करोड़ की लागत से सिट्रस फलों के बागीचे विकसित किए जाएंगे। इस परियोजना को एडीबी बैंक ने मंजूरी दी है। परियोजना को जल्द ही जमीन पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार प्रदेश में बागवानी की सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।

जगत सिंह नेगी ने बताया कि वर्तमान सरकार में पिछले 10 महीनों में बागवानी के क्षेत्र में कई नई पहल की है। बाहरी देशों व अन्य प्रदेशों से नर्सरी के आयात तो कम करने के लिए प्रदेश में ही उच्च तकनीक और उच्च गुणवत्ता वाली नर्सरी का उत्पादन करने का निर्णय लिया है ताकि नर्सरियों से लिए जाने वाले पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि बागवानों को उनके उत्पादन का बेहतर दाम देने के लिए प्रदेश में कोल्ड स्टोर स्थापित किए जाएंगे ताकि बाजार की आवश्यकता के अनुसार हिमाचल के बागवान दाम ऊंचे होने पर अपने फसलों को बेमौसम में बेच सकें। बागवानी मंत्री ने कहा कि विभाग ब्लूबेरी, ड्रैगन फ्रूट और अन्य अधिक मूल्य के फलों के उत्पादन के लिए योजना बना रहा है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार गाय का दूध 80 और भैंस के दूध का 100 रुपये प्रति लीटर भुगतान करेगी, जिसके लिए संबंधित विभाग योजना बना रहा है और जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सभी 10 गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम को पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग, परियोजना अधिकारी देवेंद्र ठाकुर, उपनिदेशक उद्यान विभाग माला शर्मा, परियोजना समन्वयक रमन अंगरिया सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### परियोजना के प्रथम चरण में 4000 हेक्टेयर भूमि में होगा पौधरोपण

**परियोजना** के प्रथम चरण में 2025-26 तक लगभग 4000 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में वर्ष 2027-28 तक 2000 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण किया जाएगा। इस परियोजना से स्थानीय लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी।